सारी दुनिया के श्याम तुमसे काम चलते है भजन लिरिक्स

सारी दुनिया के श्याम,
तुमसे काम चलते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,
प्रणाम करते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,
प्रणाम करते है।bd।

तर्ज – तेरी उम्मीद तेरा इंतजार।

तेरी महिमा को मैंने जान लिया,
तेरी शक्ति को मैंने मान लिया,
तू अगर रूठे तो क़यामत है,
तेरे चरणों का मैंने ध्यान किया,
तेरे चरणों का मैंने ध्यान दिया,
तेरी किरपा को सभी देवता तरसते है,
तेरी किरपा को सभी देवता तरसते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,
प्रणाम करते है।bd।

मेरे जीवन की साधना तू है,
प्यासे मन की तो कामना तू है,
मैंने तुझको ही अपना समझा है,
मेरे जज्बात भावना तू है,
मेरे जज्बात भावना तू है,
हर घड़ी हम तो प्रभु तेरा नाम जपते है,
हर घड़ी हम तो प्रभु तेरा नाम जपते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,
प्रणाम करते है।bd।

मेरे ख्वाबों को जिन्दगी दे दो,
मेरी रातों को रौशनी दे दो,
'नंदू' भगवन यही गुजारिश है,
हाथ सर पर दया का तुम रख दो,
हाथ सर पर दया का तुम रख दो,
यही अरदास प्रभु बार बार करते है,
यही अरदास प्रभु बार बार करते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रणाम करते है।bd।

सारी दुनिया के श्याम,
तुमसे काम चलते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,
प्रणाम करते है,
तेरे रुतबे को प्रभु हम,
प्रणाम करते है।bd।

Singer – Gopal Sain

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com